ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -18 | अंक - 4 | मई- II, 2017 | पाक्षिक | माउण्ट आबू | रु. 8.00

इंसान को इंसान से जोड़ने का कार्य कर रहा है ब्रह्माकुमारी संस्थान् : राष्ट्रपति

ब्रह्माकुमारी संस्था फेलिसिटेशन कार्यक्रम में मुख्यातिथि रहे राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी

राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन तथा महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को मोमेन्टो देकर सम्मानित करते हुए शांति सरोवर की निदेशिका ब्र.कु. कुलदीप बहन तथा सिकन्दराबाद की क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. मंजू।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए संस्थान के अतिरिक्त सचिव ब्र.कु. बृजमोहन, शांति सरोवर की निदेशिका ब्र.कु. कुलदीप, महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, जस्टिस वी. ईश्वरैय्या, तेलंगाना के राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन तथा अन्य।

हैदराबाद। राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने कहा कि देश में वर्तमान समय में सामाजिक सद्भाव के लिए कार्य करने की ज़रूरत है। वे ब्रह्माकुमारी संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउण्ट आबू के संयुक्त तत्वावधान में शांति सरोवर में आयोजित संस्थान की 80वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संस्थान् की जड़ें पूरी दुनिया भर में हैं जो लोगों में आनंद, खुशी और शांति के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। प्रतिवर्ष आयोजनों के जरिए लाखों लोग इससे जुड़ रहे हैं। आदमी से आदमी को जोड़ने का कार्य ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान् कर रहा है। आज भौतिक युग में विज्ञान, तकनीकी के साथ एक-दूसरे व्यक्ति के बीच में कैसे सद्भावना बढ़े, इसके लिए प्रयास करने की ज़रूरत है। उन्होंने संस्थान का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों को लोगों तक पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए।

तेलंगाना के राज्यपाल महामहिम ई.एस.एल. नरसिम्हन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान अब तो पूरे विश्व में शांति और भाईचारे के प्रचार-प्रसार के लिए जाना जाता है। समूचे विश्व में यह संस्थान लोगों के मन का तार जोड़ने का प्रयास कर रहा है। निश्चित तौर पर इससे लोगों के मन के विचार बदलेंगे और वे एक अच्छा युग बनाने में सफल होंगे।

कार्यक्रम में माउण्ट आबू से संस्थान के अतिरिक्त सचिव ब्र.कु. बृजमोहन, प्रशासक सेवा प्रभाग की प्रभारी तथा ओ.आर.सी. की निदेशिका ब्र.कु. आशा ने कहा कि यह हमारा भाग्य है कि परमात्मा ने हमें चुना है, इसलिए हमें इसे आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वी. ईश्वरैय्या समेत कई लोग शामिल हुए।

दादी 'अन्तर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा विशिष्ट समाज सेवा सम्मान' से सम्मानित

दादी जानकी को 'अंतर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा विशिष्ट समाज सेवा सम्मान' से सम्मानित करते हुए मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. महेश पटेल, संगठन के संरक्षक डॉ. आलोक सोनी एवं संगठन के विशिष्ट पदाधिकारीगण। साथ हैं ब्र.कु. अमीरचंद तथा अन्य।

शांतिवन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी को विश्व में भारतीय संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के विशेष और सराहनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन दिल्ली के द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा विशिष्ट समाज सेवा' के सम्मान से नवाज़ा गया। यह सम्मान मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. महेश पटेल, प्रथम अंतर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा सम्मान से नवाज़ित तथा संगठन के संरक्षक डॉ. आलोक सोनी एवं संगठन के विशिष्ट पदाधिकारियों द्वारा दादी जानकी के आवास पर प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष डॉ. महेश पटेल ने कहा कि यह हमारे संगठन के लिए गौरव की बात है कि हम दुनिया की ऐसी विभूति को सम्मानित कर रहे हैं जिन्होंने नारी शक्ति का मिसाल पेश करते हुए पूरे विश्व में मानवता का दीपक जलाया है। भारतीय संस्कृति और मूल्यों के बीजारोपण से विश्व के कोने-कोने के लोगों में आत्मीयता का भाव पैदा किया है। दुनिया में पहली महिला संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए दादी जी नारी को शक्ति स्वरूपा बनाकर एक नये समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कार्यक्रम में दादी ने सभी को आशीर्वचन देते हुए कहा कि यह मनुष्य का प्रथम कर्म होना चाहिए कि वह समस्त मानव जाति को एकता, भाईचारा और सहिष्णुता के धागे में पिरोए। इससे ही मानव जाति की रक्षा एवं एक बेहतर समाज की स्थापना होगी। जहाँ सभी के मन में सुख, शांति का बसेरा होगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने दादी जानकी को शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किया।